दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 301 | इंदौर, गुरुवार 11 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Supreme Court: महाराष्ट्र राजनीतिक संकट पर फैसला आज, उद्धव के हिस्से आएगी जीत या शिंदे को मिलेगी राहत
2. 'हम कानून का लेंगे सहारा...': इंजन समस्या के गो फर्स्ट के आरोपों को US की कंपनी ने बताया बेबुनियाद, दी चेतावनी
3. Imran Arrest: इमरान की गिरफ्तारी के बाद प्रदर्शनों पर PAK सेना का बयान, कहा- पीटीआई के कुछ नापाक नेताओं का हाथ
4. UP: एटा में सुबह-सुबह दर्दनाक सड़क हादसा, कबाड़ी की दुकान में घुसी स्कॉर्पियो कार, चार की मौत; 2 की हालत गंभीर
5. Israel: इस्राइल ने इस्लामिक जिहाद के एक और नेता को मार गिराया, गाजा पट्टी पर हमलों को लेकर आया UN का बयान
6. US: बाइडन सरकार ने पेश किया नागरिकता अधिनियम, H-1B वीजा में बदलाव की मांग
7. UN: आतंकवाद पर चीन फिर बेनकाब, यूएन में आतंकी रऊफ को काली सूची में डालने के भारत के प्रस्ताव का किया विरोध

# मप्र में वेदर ड्राय, तेज होंगे गर्मी के तेवर

**● ग्वालियर, खजुराहो, सागर-खंडवा सबसे ज्यादा तपेंगे; तूफान मोचा का असर नहीं**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में वेदर ड्राय (शुष्क) हो गया है। इस कारण गर्मी के तेवर तेज हो रहे हैं। आने वाले 4-5 दिनों में तेवर और भी तीखे होंगे। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 15 मई से पहले प्रदेश के सभी शहरों में तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ेगा। ग्वालियर, खजुराहो, सागर और खंडवा सबसे ज्यादा तपेंगे। यहां तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। वहीं, ज्यादातर इलाकों में हीट वेव यानी गर्म हवाएं भी चलेंगी। प्रदेश में तूफान 'मोचा' और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर नहीं रहेगा। बता दें कि प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर खत्म हो गया है। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि आसमान साफ होने से धूप सीधे जमीन पर पड़ रही है। इस कारण गर्मी का अहसास ज्यादा हो रहा है।

### अभी सिस्टम एक्टिव नहीं

मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि मध्यप्रदेश में अभी कोई सिस्टम एक्टिव नहीं है। इस कारण वेदर ड्राय यानी शुष्क है। आने वाले दिनों में भी मौसम ऐसा ही रहेगा। धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी होगी। 14-15 मई के बाद ग्वालियर, सागर, खजुराहो और खंडवा में दिन का तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान है। यहां हीट वेव भी चलेगी।

### 12 मई से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव, लेकिन ज्यादा असर नहीं

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि प्रदेश में 12 मई से एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है, लेकिन यहां इसका असर नहीं रहेगा। तूफान 'मोचा' का असर भी प्रदेश में देखने को नहीं मिलेगा। इस कारण गर्मी का असर बढ़ा हुआ रहेगा।

### हीट वेव का असर चंबल-ग्वालियर में ज्यादा

40 से 42 डिग्री तक तापमान पहुंचने के बाद हीट वेव यानी गर्म हवाएं चलने लगती हैं। ज्यादातर शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार ही है। यहां तापमान बढ़ने के बाद हीट वेव भी चलेगी। चंबल और ग्वालियर संभाग में इसका असर ज्यादा रहेगा।

### इन शहरों में तापमान सबसे ज्यादा

रतलाम, धार और खजुराहो में गर्मी का असर सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। दमोह, गुना, नौगांव, नर्मदापुरम व टीकमगढ़ में भी तेवर तीखे हैं। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, रीवा, सीधी, सागर, खंडवा, खरगोन, रायसेन, सतना, शिवपुरी, उज्जैन, नरसिंहपुर और बैतूल में भी गर्मी का असर देखने को मिल रहा है।



### प्रदेश में कई शहरों की रातें भी गर्म

दिन के साथ कई शहरों में रातें भी गर्म है। नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, रतलाम, दमोह, नरसिंहपुर, नौगांव, सागर, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़ में पारा 23 डिग्री से ज्यादा चल रहा है। यहां आने वाले समय में पारा 25 डिग्री तक पहुंच जाएगा।

### 21 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार, रतलाम सबसे गर्म

इससे पहले बुधवार को भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 21 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार रहा। इस सीजन में पहली बार इतने ज्यादा शहरों में पारा इतना अधिक रहा। रतलाम सबसे गर्म रहा। यहां पारा 43.6 डिग्री तक पहुंच गया। धार-खजुराहो में भी पारा 42 डिग्री से ज्यादा रहा। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि तापमान में बढ़ोतरी होगी। 15 मई के बाद हीट वेव यानी गर्म हवाएं भी चलने लगेंगी।

# इंदौर की सफाई का मजाक बना दिया है

## गंदगी देख भड़के महापौर, निरीक्षण पर निकले थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बुधवार को सफाई को लेकर तीखे तेवर दिखाए। सफाई में छह साल से लगातार नंबर वन आ रहे शहर के वार्डों में गंदगी देख वे भड़क गए। उन्होंने सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को साफ तौर पर कह दिया कि ये कहना बंद करें कि हमारे पास कर्मचारी नहीं हैं। जितने लोग हैं उसी में आपको काम करना पड़ेगा। सफाई के साथ अब बिल्कुल भी लापरवाही नहीं चलेगी। सभी जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों को ट्रेंचिंग ग्राउंड में भेजो। महापौर को कहना पड़ा कि हम जहां रहते हैं कम से कम वो वार्ड तो ठीक से साफ करो। हालांकि इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव बुधवार सुबह इंदौर के पश्चिम क्षेत्र के तीन वार्डों 82, 83 और 84 का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वार्डों के निरीक्षण के दौरान उन्हें रहवासियों ने समस्या बताई और दुकानों के बाहर गंदगी देख वे भड़क उठे।



उन्होंने मौके पर जिम्मेदारों की जमकर क्लास लगाई।

महापौर ने कहा दरोगा ये कहना बंद करें कि हमारे पास पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। जितने लोग हैं उसी में आपको काम करना पड़ेगा। पूरा शहर गंदा पड़ा है। आपके वार्ड में मैं 25 जगह बता दूंगा कि कहां पर गंदगी है।हमको पता है कौन कैसा काम करता है, हम रोज यही देखते हैं। गाड़ी के साथ कोई एनजीओ वाला नहीं घूमता है, दुकानों के बाहर कचरा पड़ा रहता है। सफाई व्यवस्था को मजाक बनाकर रख दिया है।

कम से कम हम जहां रहते है वहां तो सफाई होनी चाहिए, वहां तो शिकायत नहीं आनी चाहिए। इन सब के खिलाफ कार्रवाई करो। इन सबको ट्रेंचिंग ग्राउंड में भेजो। सफाई के साथ अब बिल्कुल भी लापरवाही नहीं चलेगी। अब तो डंडा ले कर ही निकालना पड़ेगा।

### लगातार करते है वार्डों में निरीक्षण

ये पहला मौका नहीं है जब महापौर अपनी टीम के साथ वार्डों का निरीक्षण करने निकले हों।



### जनप्रतिनिधियों ने संभाला मैदान

देखा जाए तो आगामी माह में मध्यप्रदेश में चुनाव होना है। चुनावी माहौल के चलते जनप्रतिनिधियों ने भी मैदान संभाल लिया है। अलग-अलग तरह से लोगों का समर्थन भी लिया जा रहा है। महापौर भी लगातार इंदौर की सड़कों पर उतर कर अलग-अलग वार्डों में लगातार निरीक्षण कर रहे है।

इसके पहले भी लगातार शहर के कई वार्डों का निरीक्षण कर चुके हैं। निरीक्षण के दौरान लापरवाही नजर आने पर वे जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई भी कर चुके हैं और उन्हें जमकर फटकार भी लगा चुके है। ऐसा ही कुछ बुधवार को भी देखने को मिला। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि जितने भी लोग है उसमें दरोगा को काम करना पड़ेगा किसी प्रकार का कोई बहाना नहीं चलेगा। सफाई को लेकर कोई लापरवाही नजर अंदाज नहीं की जाएगी।

### इंदौर-1 के विधायक शुक्ला ने साधा निशाना

कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला ने कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव के सफाई कर्मियों को धमकी दी है। शुक्ला ने कहा महापौर के इस कृत्य की निंदा की जाना चाहिए है। शुक्ला ने कहा कि जिन सफाईकर्मियों ने इंदौर को पिछले 6 सालों से सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव दिलाया है, उन्हें धमकाना गलत है। महापौर का यह कथन घोर आपत्तिजनक और निंदनीय है। यह कथन सफाई कर्मियों के साथ अपमानजनक व्यवहार है। शुक्ला ने कहा कि अब तक कभी भी ऐसा नहीं हुआ है जब नगर निगम के किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति के द्वारा सफाईकर्मियों के साथ इस तरह के कथन के साथ संवाद किया गया हो।

## महू में बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाए पिंजरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के करीब महू के सैन्य क्षेत्र के जंगल में दिखाई दिए बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरे लगाए हैं। बता दें कि मंगलवार को महू के सैन्य क्षेत्र के जंगल में बाघ की मूवमेंट सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। इसके बाद से ही सभी को अलर्ट कर दिया गया था। बाघ की मूवमेंट जिस क्षेत्र में है वन विभाग ने उस क्षेत्र का पता लगा लिया है। सैन्य क्षेत्र के जंगल में बाघ के पग चिह्न देखे गए। अब वहां पर पिंजरे लगाए जा रहे हैं। चूंकि जहां पर बाघ देखा गया था वह क्षेत्र करीब 8 से 10 किमी वर्ग का है और यहां पर आने के करीब छह से सात रास्ते हैं। ऐसे में बाघ किस दिशा से आया था और किस और गया यह कहना बहुत मुश्किल है। वन विभाग अब उन रास्तों को ब्लाक कर रहा है और इनमें से कुछ पर पिंजरे लगाए जा रहे हैं। बता दें कि पिछले दिनों में बाघ के मूवमेंट के दो-तीन वीडियो वायरल हो रहे थे। इनमें से एक वीडियो दूसरी जगह का है, शेष दो महू के ही हैं। बाघ को ढूंढने के लिए ड्रोन कैमरे से सर्चिंग की गई । सैन्य क्षेत्र में आर्मी अधिकारियों का सहयोग भी लिया गया है। रातभर उसके मूवमेंट पर नजर रखने के लिए चार कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही सैन्य क्षेत्र में हर जगह कैमरे लगे हैं।

## मणिपुर से निकलकर विमान से इंदौर पहुंचे मध्यप्रदेश के 23 छात्र-छात्राएं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मणिपुर से आ रहे 23 छात्र-छात्राएं आज शाम 7:40 बजे इंडिगो विमान सेवा से इंदौर पहुंच गए हैं। एक छात्र छिंदवाड़ा का होने से कोलकाता से सीधे नागपुर पहुंचेगा। इंदौर विमानतल पर सांसद शंकर लालवानी ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में आरक्षण विवाद को लेकर भड़की हिंसा में फंसे मध्य प्रदेश के छात्रों को राज्य सरकार ने सुरक्षित निकालने का फैसला किया था। विशेष विमान से मंगलवार को ढाई बजे इंफाल से छात्रों को गुवाहाटी होते हुए नई दिल्ली लाया गया। यहां रात्रि विश्राम के बाद वे आज प्रदेश आ गए। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छात्रों से फोन पर बात कर उनका हाल जाना था और भरोसा दिलाया था कि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. राजेश राजोरा के अनुसार मुख्यमंत्री के निर्देश पर मणिपुर में फंसे छात्रों सहित अन्य व्यक्तियों को सुरक्षित निकालने की तैयारी की गई थी। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी मणिपुर के मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के संपर्क में रहे। वहां प्रदेश के 24 छात्रों के होने की सूचना मिली थी।

मालवा में निमाड़ जैसी तपन

# लगातार तीसरे दिन 40 डिग्री रहा पारा, गर्म हवा के लगे थपेड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। निमाड़ जैसे तप रहे मालवा के दिन और रात, जी हां इन दिनों इंदौर का हाल निमाड़ जैसा हो रहा है। खरगोन, खंडवा के अधिकतम और न्यूनतम तापमान की बात करें तो लगभग एक जैसा ही है। इंदौर में दिन चढ़ते ही गर्मी ने अपने तेवर तीखे कर लिए हैं। ऐसे में सड़कें दिन में सुनसान नजर आने लगी हैं। शहर का ट्रैफिक शाम ढलते ही भले बढ़ने लगता है, लेकिन जैसे-जैसे सूरज ऊपर चढ़ता है लोगों की आवाजाही कम नजर आती है।**

### धूप से बचने के लिए लेना पड़ा सहारा

दोपहर में टू व्हीलर वाहन से चालकों को तपती धूप का सामना करना पड़ा। चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग अलग-अलग सहारा लेते नजर आए। कोई हेलमेट तो कोई मुंह पर स्कार्फ लगाकर निकल रहा था। कोई मुंह पर कपड़ा, रुमाल, टोपी लगाए नजर आया। कई लोग छाता लेकर भी धूप से बचाव करते दिखे।

मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों की बात करें तो पिछले 24 घंटे में इंदौर का अधिकतम तापमान 39.9 रहा, जबकि खंडवा का 39.5 और खरगोन का 39.0 रहा। वहीं न्यूनतम तापमान की बात करें तो 23.0 रहा, जबकि खंडवा का और खरगोन का भी न्यूनतम तापमान 23.0 रहा।

### ठंडे पेयजलों से थोड़ी राहत

गर्मी से बचने के लिए नींबू पानी के ठेलों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। नींबू पानी, नींबू शिंकजी पीकर लोगों को थोड़ी राहत का एहसास जरुर हुआ, लेकिन गर्मी के तीखे तेवर शाम तक बने रहे। गर्म हवाओं के थपेड़े दिनभर लोगों को लगते रहे।

गर्मी इतनी तेज थी कि कुछ देर के लिए धूप में लिकलने पर पसीने छूट रहे थे। चमड़ी में जलन का एहसास हो रहा था। इधर, मौसम जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी।

मई के पहले हफ्ते की बात करें तो 1 मई को अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस था, जबकि 19.6 डिग्री सेल्सियस था। 7 मई को अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस था। बुधवार को अधिकतम तामपान 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

## सीएम हेल्प लाइन में श्रेष्ठ कार्य पर बिजली अधिकारी सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिले में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीएम हेल्प लाइन 181 पर दर्ज होने वाली शिकायतों को अत्यंत गंभीरता से लेकर समय पर उचित तरीके से हल किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर सीएम हेल्प लाइन में ऊर्जा विभाग की स्थिति सतत सुधरकर अग्रणी में बनी हुई है। विद्युत वितरण कंपनी के सीएम हेल्प लाइन विद्युत शिकायत निवारण में श्रेष्ठ कार्य करने पर कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी. ने इंदौर शहर अधीक्षण यंत्री मनोज शर्मा और ग्रामीण अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दोनों ही बिजली अधिकारियों को सम्मानित होने पर मप्रपक्षेविविकं के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर, मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य ने बधाई दी और सतत ही अव्वल बने रहने का आह्वान भी किया है।

## आज संसाधनों से भरपूर मीडिया का रोल अत्यंत संकुचित है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विश्व संवाद केंद्र मालवा, प्रेस क्लब इन्दौर तथा पत्रकारिता विभाग देवी अहिल्या विवि द्वारा देवर्षि नारद जी के सच्चरित्र को समाज के सम्मुख प्रस्तुत करने हेतु हर वर्ष सृष्टि के सर्वप्रथम संवाददाता देवर्षि नारद जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी क्रम मे इस वर्ष यह कार्यक्रम एसजीएसआयटीएस के गोल्डन जुबली सभागार में आयोजित हुआ। इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने गत वर्ष में पत्रकारिता जगत के वे स्तंभ जिनका निधन हुआ,उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति के प्रधानमंत्री अरविंद जवलेकर ने कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में प्रस्तावना रखते हुए कहा कि नारद जी का संचार का उद्देश्य लोक मंगल था। उन्होंने देव और असुरों के मध्य भी संवाद किया, ताकि समाज को उसका लाभ प्राप्त हों जाए। स्वतंत्रता संग्राम के पूर्व, पत्रकारिता का उद्देश्य देश की स्वतंत्रता था किंतु अब पत्रकारिता अपने उद्देश्य से दूर होती दिखती है। मुख्य वक्ता के रूप के उपस्थित मध्यप्रदेश के सूचना आयुक्त और वरिष्ठ पत्रकार विजय मनोहर तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारों का उद्देश्य मात्र समाचारों का प्रेषण करना नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण इतिहास को जानना है । श्री तिवारी ने उदाहरण देते हुए कहा कि भोजशाला का जब विवाद चल रहा था तब उस विषय को कवरेज करने वाले पत्रकारों को भी भोजशाला के इतिहास के विषय में पता नहीं था, वे केवल कवरेज के बारे में ही सोच रहे थे, यह ऐसा कार्य है कि आप दिन भर खुदाई करें और आपको कुछ भी प्राप्त न हो।




सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

महाकाल भक्तों को ठग रहे ठगोरे

# गर्भगृह में जलाभिषेक की 750 की रसीद के वसूल लिए 4500 रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन महाकाल मंदिर में भंग्रह में जलाभिषेक करने की रसीद के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। नकली रसीद देकर 4500 रुपये ठग लिए गए। शिकायत के बाद महाकाल थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि एक महीने पहले भी भस्मआरती की नकली रसीद देने का मामला सामने आ चुका है।**

श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति तो मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं होने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन मंदिर में दर्शन करने की ऑनलाइन रसीदों के नाम पर ही बाहर से आने वाले श्रद्धालु लगातार ठगी का शिकार हो रहे हैं। भस्म आरती, शीघ्र दर्शन और गर्भगृह में जलाभिषेक की रसीदें भले ही ऑनलाइन कर दी गई हों, लेकिन महाकाल मंदिर के आसपास ही कुछ ठगोरे सक्रिय हैं जो कि मौका मिलते ही भोले भाले भक्तों को अपने जाल में फंसाते हैं और उन्हें ठग लेते हैं। कभी कभार यह मामले उजागर होने पर श्री महाकालेश्वर मंदिर के जिम्मेदार बड़ा बवंडर मचाते हैं, लेकिन इससे यह बात जरूर साबित होती है कि बाबा महाकाल के दरबार में व्यवस्थाओं के नाम पर जो भी चल रहा है उसमें कुछ न कुछ गड़बड़झाला जरूर है।



### एक महीने पहले ही पकड़ाया था भस्मआरती की नकली रसीद बनाने वाला गिरोह

पिछले माह 19 अप्रैल 2023 को ही भस्मआरती दर्शन की रसीद में एडिटिंग कर दिल्ली से आए तीन भक्तों के साथ 4500 रुपये की ठगी हुई थी। इसमें श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति ने बाहर के पंडित पुजारी के साथ ही केएसएस कंपनी के कुल सात लोगों के खिलाफ महाकाल थाने में 420 का प्रकरण दर्ज करवाया था। अभी भस्मआरती की नकली रसीद बनाने का यह मामला सुर्खियों में ही था कि आज गर्भगृह में जलाभिषेक करने की रसीद से धोखाधड़ी का यह मामला उजागर हो गया।

बुधवार को भी बाबा महाकाल के गर्भगृह में जलाभिषेक करने की रसीद के नाम पर सराहनपुर उत्तर प्रदेश से आए निखिल राज पिता राजकुमार कश्यप, नूपुर और आकांक्षा के साथ उस समय ठगी हो गई। उन्हें तब पता चला कि जब वे 4500 रुपये खर्च करने के बाद रसीद को लेकर बाबा महाकाल को जल अर्पित करने के लिए मंदिर में पहुंचे। जांच में रसीदें नकली निकलीं। श्रद्धालुओं ने यह रसीद प्रोटोकॉल कार्यालय के सामने स्थित फूल प्रसादी की दुकान पर मिले राकेश वर्मा और मुकेश कोठारी से लेने की बात कही। चार नंबर गेट पर टिकट को चेक कर रहे सुरक्षा अधिकारी राजकुमार सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को उनके साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में बताया गया और यह भी कहा गया कि मंदिर में गर्भगृह दर्शन की रसीद 1500 रुपए प्रति व्यक्ति नहीं बल्कि 750 है।

### धोखेबाजों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

श्रद्धालुओं ने अपने साथ हुई ठगी की जानकारी सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल को दी थी, जिसके बाद इस धोखाधड़ी से मंदिर प्रशासक संदीप सोनी को अवगत करवाया गया। जिस पर उन्होंने 4 नंबर गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक करवाया। जिसमें श्रद्धालुओं के साथ इस दौरान मुकेश कोठारी भी नजर आ रहा था। इस मामले में मंदिर के गेट नं. 4 पर क्यूआर कोड की जांच में एक ऑनलाइन टिकट की दो फोटोकॉपी सामने आई थीं जिसमें श्रद्धालुओं से प्रति व्यक्ति 1500 सौ रुपये वसूले गए थे। श्रद्धालुओं ने धोखाधड़ी का आरोप फूल वाले राजेश वर्मा और मुकेश कोठारी पर लगाए थे इसीलिए इस मामले में महाकाल थाना पुलिस को सूचना दी गई और दोनों आरोपियों के खिलाफ 420 के तहत मामला दर्ज करवाया गया।

## उज्जैन में चोरों का बोलबाला : घर के बाहर से चोरी कर ले गए मोटरसाइकिल, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। उज्जैन शहर में इन दिनों वाहन चोरों का बोलबाला है। वाहन चोर बड़ी आसानी से शहर की गलियों में घूमते हुए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की लाख सख्ती और गश्त के बावजूद भी बदमाश बेखौफ वाहन चोरी कर रहे हैं।

दरअसल पिछले एक पखवाड़े से शहर में हुए अपराधों के बाद पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देश पर उज्जैन पुलिस ने सख्त रूख इख़्तियार कर लिया है। पुलिस द्वारा शहर के तमाम मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया, वाहन चेकिंग बढ़ाई गई, सार्वजनिक तौर पर शराब पीने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई, बावजूद इसके शहर में वाहन चोर बेधड़क होकर वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वारदात नए शहर की हो या पुराने शहर की चोर देर रात सड़कों और गलियों पर रखी गाड़ियों को चोरी कर अपना निशाना बना रहे हैं। लगातार हो रही इन वाहन चोरी की कड़ी में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को बहादुरगंज निवासी छात्र नमन चौरसिया की होंडा शाइन बाइक दो चोर घर के बाहर से चोरी कर ले गए। नमन ने रात को गाड़ी रखने के बाद जब सुबह कॉलेज जाने के लिए जैसे ही बाहर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल वहां से नदारद थी। इस पर नमन ने कोतवाली थाने में वाहन चोरी का प्रकरण दर्ज करवाया है।

वाहन चोरी की इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दो बदमाश नमन के घर के बाहर खड़ी गाड़ी का लॉक तोड़कर उसे ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें खास बात यह है कि चोरी करने वाले युवकों की पहचान सीसीटीवी फुटेज से बड़ी आसानी से हो रही है, अब इसमें देखना यह है कि पुलिस अपनी तत्परता दिखाते हुए आखिर कब इन चोरों को पकड़ती है।

## रेसलर साक्षी मलिक ने प्रदेश के पहलवानों से मदद मांगी

**भोपाल।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर रेसलर्स का धरना 18वें दिन भी जारी है। इस बीच, रेसलर साक्षी मलिक ने मध्यप्रदेश के पहलवानों से मदद मांगी है। उन्होंने कहा है कि चंबल अंचल के पहलवान हमारा समर्थन करें। दिल्ली नहीं आ सकते, तो आप जहां हैं, वहां प्रोटेस्ट करें। साल 2016 के रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को वीडियो जारी किया है। वीडियो में उनके साथ अन्य पहलवान भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा है कि 'चंबल के जो वासी हैं, वो सब लोग हमारा समर्थन करो। अगर आप लोग यहां पर (जंतर-मंतर दिल्ली) नहीं आ सकते तो, आप अपनी जगह पर, अपने गांव में प्रोटेस्ट करो और आवाज उठाओ। जितने ने भी पहलवान चंबल में रहते हैं, वह भी हमारे समर्थन करें।

## हत्या के दोषी को आजीवन कारावास, बहन को भगाने वाले शख्स की मदद करने वाले युवक की आरोपी ने ली थी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। एसटीएससी के विशेष न्यायधीश की अदालत ने रंजिशवश एक युवक की हत्या करने के आरोपी रमन यादव को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर चार हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 25 मई 2021 को ग्राम आलासुर और सिमरिया के बीच खेत में एक लाश पड़ी होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके शरीर पर गहरे घाव थे। मौके पर उपस्थित बसंत कुमार ने मृतक की पहचान अपने पुत्र अजीत चौधरी के रूप में की थी। जिसके बाद खितौला पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना के पूर्व आरोपी रमन यादव की बहन को 24 मई को अर्जुन यादव ले गया था, जिसमें मृतक अजीत कुमार चौधरी ने मदद की थी। जिसके बाद आरोपी ने अजीत चौधरी पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। सुनवाई के दौरान पेश किए गए गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी रमन यादव को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

सम्मेलन में 415 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

# सीहोर में पहली बार 132 कन्याओं का एक मंडप में निकाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर**। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के ग्राम गुडभेला में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 415 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। खास बात ये रही कि पहली बार 132 जोड़ों का निकाह भी एक साथ किया गया। आयोजन में सीएम शिवराज सिंह चौहान भी वर्चुअली शामिल हुए।

जानकारी के मुताबिक ग्राम गुडभेला में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना का आयोजन हुआ। इसमें 283 विवाह तथा 132 जोड़ों का पारंपरिक रीति रिवाज से निकाह हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल संबोधित किया और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि समाज में किसी भी परिवार को बेटी की शादी बोझ न लगे, इसलिए वर्ष 2006 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना आरंभ की गई। राज्य सरकार द्वारा बेटियों को प्रगति के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की गई हैं। लाडली लक्ष्मी योजना, पढ़ाई के लिए हरसंभव सहायता के साथ-साथ हर कदम पर बेटियों को प्रोत्साहन और सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 'मामा की दुआएं लेती जा- जा तुझको सुखी संसार मिले'

सीएम शिवराज ने कहा कि पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनावों में महिलाओं को आरक्षण देना और अचल संपत्ति के पंजीयन में स्टाम्प शुल्क में छूट महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लाडली बहना योजना से महिलाओं का आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। राज्य सरकार मां-बहन बेटी के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने सामूहिक विवाह में सम्मिलित बेटियों को 'मामा की दुआएं लेती जा- जा तुझको सुखी संसार मिले' की पंक्तियों के साथ भावी सुखी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।



### ● इतने निकाह एक साथ होना उपलब्धि

मुस्लिम वेल फेयर कमेटी के अध्यक्ष मुनव्वर मामू ने बताया कि लंबे समय तक टीम की मेहनत के बाद 132 जोड़ों का एक साथ मंडप निकाह होना बड़ी उपलब्धि है, इसके लिए जिला प्रशासन ने मुस्लिम कमेटी और समाज की तारीफ की है। काजी हाफिज मोहम्मद युसुफ अंसारी निकाह कराया।

### ● बेटियों की शादी की चिंता से मुक्त कर दिया

इछावर विधायक करण सिंह वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना ने गरीब परिवारों को बेटियों की शादी की चिंता से मुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब गरीब परिवारों की बेटियों की शादी भी धूमधाम से हो रही है। गरीब माता-पिता को अब अपनी बेटी की शादी के लिए कर्ज नही लेना पड़ता। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई, कलेक्टर प्रवीण सिंह ने विवाह सम्मेलन में शामिल होकर वर वधू को आशीर्वाद और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 49-49 हजार रुपये के चेक प्रदान किए।

# संपादकीय

## पाक में उथल-पुथल

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था डूबने के कगार पर दिख रही है। वहां के लोग महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती गरीबी से लेकर अन्य मुद्दों पर लगातार परेशान हैं और इसका आक्रोश वहां अक्सर होने वाले विरोध प्रदर्शनों में फूटता रहा है। ऐसे में इमरान खान स्वाभाविक ही एक प्रतिनिधि प्रतिपक्ष के रूप में खड़े थे और आक्रामक स्वर में चुनौती पेश कर रहे थे। इमरान खुद पर दर्ज कई मामलों में से दो में जमानत हासिल करने इस्लामाबाद हाई कोर्ट गए थे, जहां अर्धसैनिक बल रेंजर्स ने उन्हें एक अन्य मामले में गिरफ्तार कर लिया और 'नेशनल अकाउंटिबिलिटी ब्यूरो' यानी नैब को सौंप दिया। बुधवार को अदालत ने उन्हें आठ दिनों के रिमांड पर भेज दिया। गौरतलब है कि नैब पाकिस्तान में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करती है। हालांकि पाकिस्तान में जब से इमरान खान की कुर्सी गई है, तभी से शहबाज सरकार और सेना उनके खिलाफ शिकंजा कस रही थी। पिछले साल प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से उनके खिलाफ देश भर में कुल एक सौ चालीस से ज्यादा मामले दर्ज कराए गए हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इमरान खान को घेरने के लिए शहबाज सरकार की ओर से किस शिद्दत से कार्रवाई की गई है। उन मामलों का क्या आधार है और आखिर वे किस नतीजे पर पहुंचेंगी, यह तो वहां की अदालतों के फैसलों पर निर्भर करेगा, लेकिन कार्रवाई के स्तर पर सरकार जिस तरह की जल्दबाजी में दिख रही है, उससे उसका मकसद साफ लग रहा है। हालांकि पाकिस्तान में शीर्ष पदों पर रह चुकी शख्सियतों को कानून के कठघरे में खड़ा किया जाना और उन्हें हाशिये पर डालना कोई नई बात नहीं है। लेकिन इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद ऐसा शायद पहली बार है कि पाकिस्तान के कई इलाकों में आम जनता व्यापक विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। हालात यहां तक पहुंच चुके हैं कि लोग सेना के ठिकानों में भी घुस गए और उन्होंने हिंसक हमले किए। यह छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में सरकार के कामकाज में सेना का किस स्तर पर दखल रहा है और उसका असर समूचे देश के शासन के ढांचे पर क्या पड़ा है। दरअसल, सत्ता से बाहर होने के बावजूद इमरान खान ने कई मुद्दों पर जो सार्वजनिक रुख अपनाया, बड़े विरोध प्रदर्शन जारी रखे, सेना पर भी निशाना साधा, उससे एक तरह से वहां जनमत-निर्माण भी हो रहा था। इसलिए निश्चित रूप से यह वहां की मौजूदा सरकार के लिए एक गंभीर चुनौती की स्थिति है, जो पहले ही आर्थिक मोर्चों पर गहराते संकट से निपट पाने में खुद को नाकाम पा रही है।

धर्म-कर्म

# अपरा एकादशी कब है? इस दिन भूलकर भी न करें ये 5 गलतियां



एकादशी मन और शरीर को एकाग्र कर देती है, लेकिन हर एकादशी विशेष प्रभाव उत्पन्न करती है. ज्येष्ठ कृष्ण एकादशी को अचला या अपरा एकादशी कहा जाता है. इसका पालन करने से व्यक्ति की गलतियों का प्रायश्चित होता है. इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति का नाम यश बढ़ता है. इसके प्रभाव से व्यक्ति के पितरों की आत्मा को शांति मिलती है. यह व्रत व्यक्ति के संस्कारों को शुद्ध कर देता है.

### ● अपरा एकादशी की तिथि

पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 15 मई को देर रात 02 बजकर 46 मिनट से लेकर अगले दिन 16 मई को रात 01 बजकर 03 मिनट पर समाप्त होगी. उदया तिथि के चलते अपरा एकादशी का व्रत 15 मई को रखा जाएगा.

### ● अपरा एकादशी के नियम

अपरा एकादशी का व्रत दो प्रकार से रखा जाता है- निर्जल व्रत और फलाहारी या जलीय व्रत. निर्जल व्रत पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति को ही रखना चाहिए. सामान्य लोगों को फलाहारी या जलीय उपवास रखना चाहिए. इस व्रत में भगवान त्रिविक्रम की पूजा की जाती है. इस व्रत में फल और जल का भोग लगाया जाता है. बेहतर होगा कि इस दिन केवल जल और फल का ही सेवन किया जाए.

### ● अपरा एकादशी पर न करें ये गलतियां

- तामसिक आहार और बुरे विचार से दूर रहें
- बिना भगवान कृष्ण की उपासना के दिन की शुरुआत न करें
- मन को ज्यादा से ज्यादा ईश्वर भक्ति में लगाए रखें
- एकादशी के दिन चावल और जड़ों में उगने वाली सब्जियों का सेवन नहीं करना चाहिए.
- एकादशी के दिन बाल और नाखून काटने से बचना चाहिए. इस दिन सुबह देर तक नहीं सोना चाहिए.

### ● पूजन विधि

अपरा एकादशी पर श्रीहरि की प्रतिमा को गंगाजल स्नान कराएं. हरि को केसर, चंदन, फूल, तुलसी की माला, पीले वस्त्र, कलावा, फल चढ़ाएं. भगवान विष्णु को खीर या दूध से बने पकवान का भोग लगाएं. धूप और दीप जलाकर पीले आसन पर बैठें. तुलसी की माला से विष्णु गायत्री मंत्र का जाप करें और विष्णु के गायत्री मंत्र 'ऊँ नारायणाय विद्महे। वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णु प्रचोदयात्।।' का जाप करें. पूजा और मंत्र जप के बाद भगवान की धूप, दीप और कपूर से आरती करें. चरणामृत और प्रसाद ग्रहण करें.

### ● उपाय

भगवान श्री हरि की प्रतिमा को पंचामृत और गंगाजल से स्नान कराएं. भगवान को फल, फूल, केसर, चंदन और पीला फूल चढ़ाएं

पूजन के बाद श्री हरि की आरती करें. 'ऊं नमो नारायणाय या ऊं नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें. इसके बाद भगवान से अपनी मनोकामना कहें.

# गंगा दशहरा कब है?

## पूजा- विधि, शुभ मुहूर्त, महत्व, मंत्र और आरती

हर साल ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पावन पर्व मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर आई थीं। हिंदू धर्म में इस दिन का बहुत अधिक महत्व होता है। इस दिन विधि- विधान से मां गंगा की पूजा- अर्चना करनी चाहिए। मां गंगा की पूजा करने से समस्त पापों से मुक्ति मिल जाती है और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं गंगा दशहरा डेट, पूजा- विधि, महत्व, मंत्र, आरती और शुभ मुहूर्त...

### गंगा दशहरा डेट

इस साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 29 मई को है।

### गंगा दशहरा मुहूर्त

दशमी तिथि प्रारम्भ - मई 29, 2023 को 11:49 ए एम बजे

दशमी तिथि समाप्त - मई 30, 2023 को 01:07 पी एम बजे

### गंगा दशहरा पूजा- विधि


- गंगा स्नान करें। जो लोग गंगा स्नान के लिए नहीं जा सकते हैं वो घर में रहकर ही नहाने के पानी में गंगा जल डालकर मां गंगा का ध्यान कर स्नान करें।
- घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें।
- इस दिन मां गंगा का अधिक से अधिक ध्यान करें।
- इस दिन दान करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।
- घर में रहकर ही मां गंगा की आरती करें।
- गंगा दशहरा का महत्व
- इस पावन दिन मां गंगा की पूजा- अर्चना करने से सभी तरह के दोषों से मुक्ति मिल जाती है।
- मां गंगा की पूजा अर्चना करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।

## Highlights

1. Voting begins for 2nd phase of UP urban local body elections
2. What kind of govt is this?: PM on Congress infighting in Rajasthan
3. Good friends can also disagree: UK envoy on BBC India tax raids
4. 6-yr-old forced to perform sex act by 1st grade students while being filmed in US
5. Finland Prime Minister Sanna Marin files for divorce; shares post
6. Imran Khan's supporters attack Pak PM's house with petrol bombs; vehicles set on fire

# Google I/O 2023: Bard is now available for chat, amidst intensive AI focus

**NEW DEIHI, (Agency).** It is a good thing you play a game that involved gulping down an alcoholic shot every time AI was muttered at Google I/O 2023 keynote. It might have all gone pear shaped, because the tech giant's focus on AI is so exhaustive, it spans everything from the Bard chatbot, a new search tool to identify AI generated images, a coding bot for Android developers, an AI tool for app developers to help them build Play Store listings and Android's generative AI dreams for text messages and wallpapers. You get the idea.




Google Bard Chatbot: Globally available, in limited languages

There is no doubt that Google has kicked off this summer's developer conference chapter, setting quite a benchmark for the likes of Microsoft, Meta, Amazon and indeed Apple to try and match in the coming weeks. The biggest announcement is the availability of the Bard chatbot, albeit with limited languages, for everyone who is willing to try it. This means you finally complete the troika of chatbots in your life, with Bard joining OpenAI's ChatGPT and Microsoft's Bing chatbot. But it is clear Google is not willing to take any risks with user safety or the chatbot misbehaving (misinformation, bias etc.) when interacting with a user. Till now, Bard was accessible to a very small set of users, in the UK and US. The rest, had to join a waitlist. This is the first major expansion of Bard AI's availability, on a global scale. "As we continue to make additional improvements and introduce new features, we want to get Bard into more people's hands so they can try it out and share their feedback with us," says Sissie Hsiao, Vice President and General Manager for Google Assistant and Bard. This means Bard is now available in 180 countries, with support for English, Korean and Japanese. Hsiao confirms they are on track to add support for 40 more languages, in the coming weeks. "As we further expand, we'll continue to maintain our high standards for quality and local nuances while also ensuring we adhere to our AI Principles," she adds. Languages aren't the only upcoming additions to look for. Bard will soon be able to have a conversation based on an image you may have added to the chat and will also generate search results with more visuals.

# The Art of A Good Unicorn | Startups, is Big Tech now coming after your mind?

**NEW DEIHI, (Agency).** When people often jump from one new tech to the next at incredible pace, there is a growing realisation that Silicon Valley is exploiting people's mindsets.

Every now and then, Silicon Valley stands behind something that leads to the worrisome B-word:



"bubble". But, in effect, that's what happens when there's a herd mentality and a hype cycle & there's a large number of VCs, who start going behind the space, so much so, that they start inflating the valuations of companies in those spaces to ridiculously high prices. And that creates the bubble.

Punjab

# अमृतसर में 5 दिन के अंदर तीन धमाके, पांच लोग अरेस्ट, बम बनाने वाले निकले नौसिखिए



**अमृतसर, (एजेंसी)** पंजाब के अमृतसर में गुरुवार को गोल्डन टेंपल के पास एक और विस्फोट हुआ. धमाके से इलाके में दहशत फैल गई. अमृतसर में 5 दिनों में हुए तीन लो-इंटेंसिटी धमाकों के मामले में पंजाब पुलिस ने नये लोकल टेरर नेटवर्क से जुड़े 5 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक, बम बनाने वाले नौसिखिए थे और उनका मकसद स्वर्ण मंदिर के आसपास धमाके करके पंजाब में अशांति का माहौल पैदा करने का था. इस मामले में जल्द ही पंजाब पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अहम खुलासे करेगी.पुलिस ने अमृतसर से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है. गोल्डन टेंपल के पास हुआ तीसरा धमाका गलियारा साइड स्थित श्री गुरु रामदास सराय के पास रात एक बजे हुआ. घटना के बारे में पता चलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी. इस धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग बाहर निकल आए. पुलिस को तुरंत सूचना दी गई, जिसके बाद फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची. हालांकि, धमाके का यह स्थान पहले धमाके के स्थान से बिल्कुल अलग था. ताजा धमाका पहले घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर हुआ. सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने अमृतसर से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है. पंजाब पुलिस इस मामले में गुरुवार सुबह 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेगी. डीजीपी गौरव यादव इस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर सकते हैं.

New Delhi

# 35 राज्यों के 28,000 लोगों से 100 करोड़ की ठगी... हरियाणा के नए 'जामताड़ा' पर ताबड़तोड़ एक्शन



**गुरुग्राम, (एजेंसी)** हरियाणा पुलिस ने नूंह में बसे 'नए जामताड़ा' पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर लगभग 100 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का खुलासा किया है. ये महाठग फर्जी सिम, आधार कार्ड आदि के जरिए देशभर में ठगी की वारदात को अंजाम देते थे. इतना ही नहीं इन ठगों ने फर्जी बैंक अकाउंट खोल रखे थे, जिनमें ठगी का पैसा ट्रांसफर करते थे, ताकि पुलिस इन तक न पहुंच सके. इन ठगों ने दिल्ली से अंडमान-निकोबार तक लोगों को निशाना बनाया था. इनके पकड़े जाने से देशभर में साइबर ठगी के लगभग 28,000 केस ट्रेस हुए हैं. नूंह पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने बताया, 27-28 अप्रैल की रात 5000 पुलिसकर्मियों की 102 टीमों ने जिले के 14 गांवों में एक साथ छापेमारी की थी. इस दौरान करीब 125 संदिग्ध हैकर्स को हिरासत में लिया गया था. इनमें से 66 आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया. सभी को कोर्ट से 11 दिन की रिमांड पर लिया गया था.

गिरफ्तार ठगों ने पूछताछ के दौरान तमाम बड़े खुलासे किए. ठगों ने बताया कि कैसे वे फर्जी सिम और आधार कार्ड के जरिए नई नई तकनीक से लोगों के साथ ठगी करते थे. पुलिस छापे के दौरान जब्त किए गए मोबाइल फोन और सिम कार्ड की भी जांच कर रही है और संबंधित कंपनियों से मदद ले रही है.

**100 करोड़ रुपये की ठगी-** जांच में सामने आया है कि इन साइबर ठगों ने अब तक देश भर के 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से करीब 28000 लोगों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया है. पकडे गए इन साइबर जालसाजों के खिलाफ देशभर में पहले से ही 1346 प्राथमिकी दर्ज पाई गई हैं. ऐसे में इन ठगों की जानकारी अन्य राज्यों को भी दी गई है.

Uttarpradesh

# आगरा में तेज रफ्तार कार ने रौंदे स्कूल जा रहे बच्चे, तीन की मौत, दो की हालत गंभीर



**आगरा, (एजेंसी)** आगरा के थाना डौकी के कुंडोल क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने स्कूल जा रहे बच्चों को रौंद दिया, जिसमें तीन बच्चों की मौके पर मौत की सूचना है, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि डौकी के गांव बास महापत में बच्चे सड़क किनारे खड़े होकर स्कूल बस का इंतजार कर रहे थे, तभी फतेहाबाद रोड की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पांच बच्चों को रौंद दिया। कुछ बच्चों ने सड़क किनारे भागकर जान बचाई। घटना के बाद कार चालक मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी कुछ बच्चों ने पुलिस को दी। वहीं ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फतेहाबाद मार्ग पर जाम लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है। तीन बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मच गया है।

Uttarakhand




# फिर हिली उत्तराखंड की धरती, पिथौरागढ़ में भूकंप के झटके; 3.1 थी तीव्रता

**पिथौरागढ़, (एजेंसी)** उत्तराखंड में एकबार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पिथौरागढ़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 मापी गई है। बता दें बीते महीनों में उत्तराखंड में कई बार भूकंप के झटके महसूस कि गए हैं। मध्यम तीव्रता के आए इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं आई है।

खेल

# चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 27 रन से हराया, प्लेऑफ के करीब पहुंची



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2023 के 55वें मैच में 27 रन से हरा दिया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले गेंदबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 167 रन बनाए हैं। चेपॉक स्टेडियम की धीमी पिच पर चेन्नई का कोई बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सका, लेकिन सभी ने छोटे-छोटे योगदान देकर टीम को 167/8 के स्कोर तक पहुंचाया। इसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 140 रन ही बना सकी। दिल्ली के लिए राइली रूसो और मनीष पांडे ने 59 रन की साझेदारी की, हालांकि इसके लिए उन्होंने 59 गेंदें भी खेलीं। चेन्नई की ओर से मोईन अली ने चार ओवर में मात्र 16 रन दिए, जबकि रवींद्र जडेजा ने चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट चटकाया। इस स्पिन जोड़ी के आठ ओवरों ने दिल्ली को लक्ष्य तक पहुंचने की अनुमति नहीं दी। चेन्नई 12 मैचों में 15 अंक अर्जित करके अंक तालिका में दूसरे स्थान पर कायम है, जबकि दिल्ली 11 मैचों में सातवीं हार के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की टीम की शुरुआत अच्छी रही। पहले विकेट के लिए डेवोन कॉनवे और ऋतुराज गायकवाड़ के बीच 32 रन की साझेदारी हुई। कॉनवे 13 गेंद में 10 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद गायकवाड़ भी पावरप्ले के बाद अगले ओवर में पवेलियन लौट गए। ऋतुराज ने 18 गेंद में 24 रन बनाए। अक्षर पटेल ने दोनों विकेट लिए। मोईन अली 12 गेंद में 7 रन बनाकर आउट हुए। अजिंक्य रहाणे 20 गेंद में 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शिवम दुबे ने 12 गेंद में 25 रन बनाए। अंबाती ने 23 रन का योगदान दिया। एक समय पर चेन्नई का 160 रन तक पहुंचना मुश्किल लग रहा था, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के साथ टीम की सहायता के लिये आगे आये। रायडू का विकेट गिरने के बाद पिच पर उतरे धोनी ने 19वें ओवर में दो छक्के और एक चौका जड़कर चेन्नई को 160 रन के निशान तक पहुंचाया।

धोनी ने अपनी छोटी पारी में आठ गेंद पर 20 रन बनाये, जबकि रवींद्र जडेजा ने उनका साथ देते हुए 16 गेंद पर 21 रन की पारी खेली। मार्श ने आखिरी ओवर में धोनी और जडेजा को आउट करते हुए मात्र सात रन देकर पारी का अंत किया। मार्श ने अपने तीन ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट चटकाये, जबकि अक्षर ने चार ओवर में 27 रन देकर दो विकेट लिये। ललित (तीन ओवर, 34 रन) और खलील अहमद (चार ओवर, 32 रन) को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

सिनेमा

# एक्ट्रेस डोनल बिष्ट ने किया फेक कास्टिंग का खुलासा, करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन्स से है कनेक्शन



अभिनेत्री डोनल बिष्ट इंस्टाग्राम पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर उनके फोटोज-वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं। इस बीच डोनल की एक इंस्टा स्टोरी चर्चा में आ गई है, जिस में उन्होंने मुंबई में हो रही फेक कास्टिंग का खुलासा किया है। डोनल ने सोशल मीडिया पर इसका स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। डोनल को ये मेल, कथित तौर पर करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन्स से आया है। डोनल बिष्ट ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। इस इंस्टाग्राम स्टोरी में दिख रहा है कि डोनल को एक मेल आया है, जो कास्टिंग के लिए है। इस मेल में डोनल से कहा गया है कि वो प्रोजेक्ट के लिए कंफर्मेशन दें, ताकि उस हिसाब से काम आगे बढ़ा सकें। इस स्क्रीनशॉट के साथ डोनल ने लिखा, 'कोई मुझे लगातार मेल कर रहा है, मुझे लगता है कि ये फर्जी धर्मा प्रोडक्शन्स की ईमेल आईडी से है। कृप्या इसे देखें, कोई इसके जाल में न फंस जाए।' डोनल ने अपनी इंस्टा स्टोरी में करण जौहर और धर्मा प्रोडक्शन्स को भी टैग किया है, ताकि उन को भी इसकी जानकारी मिल सके। याद दिला दें कि इससे पहले ई-टाइम्स से बात करते हुए कहा था,'सिल्वर स्क्रीन हर किसी का सपना रहा है और मेरा भी। मैं ऐश्वर्या-करीना को स्क्रीन पर देखकर बड़ी हुई हूं। मैं छैयां छैयां पर डांस करती थी, जो मेरी जिंदगी की प्रेरणा हैं।

# खरगोन बस हादसे के बाद ट्रैफिक पुलिस हुई सक्रिय

## डीसीपी पहुंचे गंगवाल, संचालकों की बैठक ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खरगोन में मंगलवार को हुए बस हादसे में दो दर्जन मौतों के बाद पूरे प्रदेश में बसों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को ट्रैफिक डीसीपी मनीष अग्रवाल ने गंगवाल बस स्टैंड पहुंचे। उन्होंने बस संचालकों की बैठक लेकर निर्देश दिए, साथ ही बस के अंदर तक पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी। वहीं तीन इमली चौराहों पर खड़ी बसों के कागजात भी चेक किए गए।

बुधवार को डीसीपी मनीष कुमार अग्रवाल स्वयं एसीपी अरविंद तिवारी, निरीक्षक महेंद्र सिंह मंडलोई एवं सूबेदार जागृति बिसेन के साथ गंगवाल बस स्टैंड पहुंचे। यहां डीसीपी ने स्टैंड की व्यवस्था देखी। बसों में जाकर ड्राइवरों कंडक्टर से बातचीत कर उन्हें सुरक्षित वाहन चालन के लिए निर्देश दिए। साथ ही बस में बैठी सवारियों से भी समस्याएं जानी। डीसीपी ने बस मालिकों के साथ भी बैठक कर वैध दस्तावेज सदैव साथ रखने, चालक-परिचालकों का लाइसेंस साथ रखने, निर्धारित वर्दी पहनने और स्पीडिंग ना करने, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करने, निर्धारित स्टॉपेज के अलावा बस प्रतिबंधित क्षेत्र में खड़ी कर सवारी चढ़ाने-उतारने का कार्य नहीं करने व सवारियों से अच्छा व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान गंगवाल बस स्टैंड के अध्यक्ष शिव सिंह गौड़, पप्पू पंजाबी, पिंकी छाबड़ा एवं अन्य बस मालिक तथा चालक-परिचालक उपस्थित थे। वहीं तीन इमली चौराहा पर सूबेदार ब्रजराज अजनार एवं टीम द्वारा बसों में कागजातों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 60 बसों के कागजात चेक किए गए।

### आखिर जुर्माना भरना पड़ा

एसीपी बसन्त कौल के नेतृत्व में सूबेदार विवेक परमार द्वारा स्टार चौराहा पर बसों के दस्तावेजो की जांच की जा रही थी इसी दौरान बस क्रमांक एमपी41-पी 0623 के वाहन चालक के द्वारा चेकिंग से बचने के लिए साईं कृपा कॉलोनी की ओर बस घूमा दी, जिसे पुलिसकर्मियों ने रोक लिया और आदेशों की अवज्ञा करने की धारा पर 2000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। इसी प्रकार बस क्रमांक एमपी 41 - पी 1366 द्वारा डीपीएस अंडर ब्रिज पर गलत दिशा में लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए पाया गया, जिसे 3500 रुपए का जुर्माना भरना पड़ा।

# भूमाफिया सुरेंद्र संघवी के ठिकानों पर ईडी का छापा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस नेता पंकज संघवी के बड़े भाई सुरेंद्र संघवी उर्फ टीनू के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी जांच के लिए पहुंचे हैं। गुरुवार सुबह से कार्रवाई शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार, कनाडिया रोड स्थित संघवी के घर पर भोपाल और दिल्ली ईडी टीम के अधिकारी जांच में जुटे हैं। संघवी जमीन के कारोबार से जुड़े हैं।**

माना जा रहा है जमीन के कारोबार में मनी लॉड्रिंग के सबूत मिलने के बाद ईडी इस जांच में शामिल हुआ है और सबूत इकट्ठे करने संघवी के घर पहुंचा है।



सुरेंद्र संघवी के भाई पंकज संघवी कांग्रेस से जुड़े हैं। इंदौर से वे कांग्रेस के टिकट पर सांसद और महापौर का चुनाव भी लड़ चुके हैं। शहर में तमाम कालोनियां सुरेंद्र संघवी द्वारा काटी गई हैं।

सूत्रों के अनुसार ईडी की ताजा कार्रवाई जमीन के काले कारोबार से जुड़ी बताई जा रही है। ईडी की टीमें शहर के कुछ अन्य जमीन कारोबारियों के ठिकाने पर भी पहुंची है। इसमें दीपक जैन मद्दा और मनीष शाहरा का नाम भी सामने आ रहा है। इनमें से कुछ लोगों के नाम प्रशासन की भूमाफियाओं की सूची में भी शामिल रहे हैं। माना जा रहा है कि जमीन के खेल में काले धन की लिंक और मनी लांड्रिंग के सबूत मिलने पर ईडी ने कार्रवाई शुरू की है।

## ओवरस्पीड डंपर चालक ने पी रखी थी शराब

### इंटरसेप्टर ने 12 तेज रफ्तार वाहन

इंदौर। ट्रैफिक पुलिस द्वारा अधिकतम गति सीमा का उलंघ्घन कर तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों पर इंटरसेप्टर व्हीकल, स्पीड राडार गन से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को एसीपी सुनील शर्मा के नेतृत्व में सूबेदार राजेन्द्र सिंह चौहान, सूबेदार काज़िम हुसैन रिजवी द्वारा रेडिसन-स्टार चौराहा रोड पर अधिकतम गति सीमा का उल्लंघन करने वाले 12 वाहनों पर कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान डम्पर क्रमांक एमपी10-एच-0849 को गति सीमा का उल्लंघन करने पर रोका गया। बात करने पर चालक शराब पिया हुआ पाया गया। इस पर पुलिस ने डम्पर जप्त कर यातायात थाना खड़ा किया गया। इस दौरान ट्रैफिक जवानों ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करते हुए व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की हिदायत भी दीं।

**अभियान जारी रहेगा-** डीसीपी अग्रवाल के अनुसार गति की अति के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है, साथ ही असमय दुखद मौतें भी सामने आ रही है। गति की अति को नियंत्रित करने के लिए यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा इंटरसेप्टर वाहन के साथ नियंत्रित गति-सुरक्षित जीवन अभियान लगातार जारी रहेगा।

## साइबर पाठशालाओं का दोहरा शतक, 29 हजार को किया जागरुक

### इंदौर पुलिस चला रही साइबर अवेयरनेस अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ऑनलाईन ठगी और अन्य अपराधों को लेकर पुलिस द्वारा सामाजिक जनचेतना लाने के उद्देश्य से क्राइम ब्रांच तथा पुलिस की ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस सेल (टीएसी) की टीमों द्वारा लगातार जागरूकता कार्यशालाएं और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार साइबर जागरुकता के इस महाअभियान की शुरुआत वर्ष 2022 से की गई थी, अभी तक तक कुल 210 सायबर कार्यशालाओं के माध्यम से लगभग 29 हजार से ज्यादा लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। वर्ष 2022 में साइबर अवेयरनेस की 110 कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 17 हजार सहभागी सम्मिलित हुए। वही वर्ष 1 जनवरी से 8 मई 2023 तक सायबर पाठशाला की 100 कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी है, जिसमें 12 हजार से ज्यादा सहभागी सम्मिलित हुए। इंदौर पुलिस द्वारा उक्त कार्यशालाएं और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के साथ ही, लोगों को नशे के दुष्परिणाम और महिला अपराधों, महिला अधिकारों के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

## निखिल हत्याकांड के चार आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर।** हीरानगर इलाके में मंगलवार को कपड़ा व्यापारी निखिल खलसे की गोली-चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के तीसरे दिन चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक नाबालिग है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के नाम चिराग कटारिया, हर्ष चौधरी, आर्यन ठाकुर और एक नाबालिग को भी पकड़ा है। पुलिस चारों से पूछताछ कर रही है। इनके गिरफ्तार होने से पहले एक सीसीटीवी और एक इंस्टा रील सामने आई है। यह भी पता चला है कि निखिल के हत्यारे उज्जैन के दुर्लभ कश्यप गैंग से जुड़े हुए हैं। वायरल हुए सीसीटीवी में पांच आरोपी हथियार के साथ दिख रहे हैं। आरोपियों ने दीवाली के तीन दिन बाद निखिल के घर में भी घुसकर हंगामा किया था और हथियार लहराए थे। निखिल और उसके परिवार ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी। दूसरी ओर आरोपियों की इंस्टा रील में साफ दिखाई दे रहा है कि वे दो साल पहले मारे गए अपने साथी अर्पित के फोटो पर हार पहनाकर चाकू से केक काट रहे हैं। इंस्टा में पिस्टल भी दिखाई दे रही है। पुलिस का मानना है कि निखिल की हत्या दोहरे हत्याकांड के आरोपियों की मदद के शक में की गई है।

# भाजयुमो के पदाधिकारी के भाई ने खुदकुशी

## मामा के घर से आया ओर लगा ली फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नंदबाग इलाके में भाजयुमो के पदाधिकारी के छोटे भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक वह रात में अपने मामा के यहां से उठकर अचानक घर आ गया था। जिसके बाद कमरा बंद कर उसने यह कदम उठा लिया। कुछ देर बाद मां और भाई घर पहुंचे तो फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक शिवम (25) पुत्र राजेंद्र दुबे निवासी नंदबाग ने अपने घर में सुसाइड कर लिया। भाई अमित उर्फ झुन्नू दुबे उसे अरबिंदो अस्पताल लेकर पहुंचा था। यहां डॉक्टरों ने पुलिस को जानकारी दी। शिवम रात में अपने भाई अमित ओर मां के साथ टिगरिया बादशाह में मामा तरुण के यहां गया हुआ था। 8 मई को यहां शादी का प्रोग्राम खत्म हुए थे। जिसके बाद बुधवार रात परिवार के सभी लोग वहां बैठकर बात कर रहे थे। इस दौरान शिवम मोबाइल पर बात करते हुए बाहर निकल गया। बाद में घर आकर उसने फांसी लगा ली।

शिवम का बड़ा भाई अमित शहर में बीजेपी राजनीति में सक्रिय है। वह युवा मोर्चा में पदाधिकारी है। वहीं परिवार का स्कूली वैन का काम है। शिवम भी स्कूली बच्चों की वेन का काम करता था। शिवम का मोबाइल भी पुलिस ने जब्त किया है। जो टूटा हुआ है। अभी सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में जांच की जा रही है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।